ग्रामीणों ने निर्माणाधीन सड़क की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

देपालपुर। नगर से कुछ ही दूरी पर बनेड़िया से गंगाजलखेड़ी नांद्रा पहुंच मार्ग का करोड़ों रुपए की लागत से निर्माण कार्य चल रहा है जो मनमानी की भेंट चढ़ चुका है।

श्री बालाजी इंटरप्राइजेस द्वारा इसका निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि घटिया निर्माण किया जा रहा है। निर्माण एजेंसी द्वारा मनमानीपूर्वक बिना किसी गुणवत्ता के निर्माण किया जा रहा है। तरोताजा निर्माण में बड़े-बड़े गड्ढे होने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है जब पीडब्ल्यूडी अधिकारी से शिकायत करते हैं तो वे कहते हैं छोटा-मोटा काम है तो हम करवा देंगे। आप चिंता ना करें। ग्रामीणों ने कहा अगर उच्च अधिकारी और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि निर्माण कार्य की जांच करवाएं तो सारी पोल खुल सकती है। रोड का काम पूर्ण नहीं हुआ जिसके पहले ही रोड पूरी तरह से जर्जर होने लगा है बड़े-बड़े गड्ढे होने लगे हैं।

इनका कहना है

निर्माण कर रही एजेंसी श्री बालाजी इंटरप्राइजेस के जगदीश मंडवाल का कहना है उनके द्वारा मानक आधारों पर उचित और गुणवत्तायुक्त कार्य किया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी अधिकारी राजकुमार जैन का कहना है सड़क का निर्माण कार्य तो ठीक चल रहा है। अगर इस तरह की शिकायत मिलती है तो हम उसे ठीक करवा देंगे।

महाविद्यालय का स्थापना दिवस मनेगा

महू। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय मह द्वारा एलुमनी एसोसिएशन ऑफ वेटरनरी कॉलेज मह के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय का स्थापना दिवस बुधवार को मनाया जाएगा। इस समारोह में मुख्य अतिथि इंदौर कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी होंगे। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. ब्रह्मप्रकाश शुक्ला ने बताया कि इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. उमेशचंद शर्मा अध्यक्ष, भारतीय पशु चिकित्सा परिषद, नई दिल्ली, डॉ. अरविंद कुमार चौरसिया, विशेष सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, डॉ. आरके मेंहिया, संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग मध्यप्रदेश शासन होंगे। इस समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. सीताप्रसाद तिवारी करेंगे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में सेवा के अवसर विषय पर, महाविद्यालय से निकले हुए उच्चतम पदों पर पदस्थ अधिकारियों द्वारा प्रेरक व्याख्यान दिए जाएंगे। यह जानकारी महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. दीपक गांगिल ने दी।

वार्ड नंबर 26 में नलकूप खनन

सागौर » दबंग रिपोर्टर

छोटी सागौर के वार्ड 26 में पार्षद रेखा छड़ोदी ने वार्ड का निरीक्षण कर रहवासियों से मुलाकात की और आयशा मस्जिद के आसपास रहवासियों को पानी की समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। पार्षद की मांग पर नपा अध्यक्ष सेवंती पटेल, जलकार्य प्रभारी पार्षद सीमा लालू शर्मा और सीएमओ डॉ. मधु सक्सेना ने पहल करते हुए नलकूप खनन की अनुमति दी। मंगलवार को दोपहर बाद ट्यूबवेल के लिए मशीन पहुंची। पार्षद प्रतिनिधि रूपसिंह छड़ोदी और रहवासियों की सलाह पर पानी वाले स्थान पर मशीन लगवाकर खनन शुरू करवा दिया गया है। इस दौरान व्यापारी इसरार खान, नजरुद्दीन खान, नसरू पटेल, सलामुद्दीन पटेल, रसीद शाह सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे। रहवासियों ने नपाध्यक्ष और पार्षद का आभार व्यक्त किया है।

पिता की स्मृति में समाज को लाखों का दान

देपालपुर। पिपलोदा निवासी स्व. गब्बूसिंह पटेल, स्व. यशवंत सिंह पटेल की स्मृति में उनके पुत्रों मनोहर पटेल, गौरव पटेल द्वारा सराहनीय पहल की गई। उन्होंने समाज और ग्रामवासियों और स्कूली बच्चों के हित में जमीन और भवन दान किया है। उन्होंने क्षत्रिय कलोता समाज की संस्थाओं में दान में लगभग 25 लाख रु. व लगभग 26 लाख रु. कीमत की जमीन दान की है।



काम के तरीके और अधिकारों को लेकर पार्षदों को प्रशिक्षण

पीथमपुर। मंगलवार को नगर पालिका, नगर परिषद और नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों के लिए धार में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिले की सबसे बड़ी पीथमपुर नगर पालिका की अध्यक्ष सेवंती पटेल और अन्य निकायों के अध्यक्ष ने प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में पार्षदों को काम करने के तरीके और उनके अधिकारों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया और काम के बारे में जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में पीथमपुर नपा अध्यक्ष सेवंती पटेल और अन्य जनप्रतिनिधियों का स्वागत धार सीएमओ निशिकांत शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में पीथमपुर नपा उपाध्यक्ष पप्पू असोलिया, राजस्व सभापति सुनील वर्मा, स्वच्छता और स्वास्थ्य समिति सभापति पार्षद प्रेम पाटीदार, जलकार्य समिति प्रभारी मनीषा लालू शर्मा, पार्षद पार्वती रामओवतार यादव, सुनीता पटेल सहित पीथमपुर के लगभग 20 पार्षदों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरी मार्कशीट में मेरा नाम विशाल पिता दिलीप जोशी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम विशाल जोशी पिता दिलीप जोशी है इसलिए भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

विशाल जोशी
36, देवकी नगर, अग्रवाल शोरूम के पीछे, खजराना, इंदौर मध्यप्रदेश

राजस्थानी थीम पर जैन मिलन महिलाओं ने मानव सेवा शपथ ली

ग्वालियर। जैन मिलन महिला सिटी सेंटर शाखा का शपथ ग्रहण समारोह रंगारंग कार्यक्रमों के साथ सिटी सेंटर स्थित होटल रॉयल इन में संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि मुकेश अग्रवाल, शीला टोगिया, राजेश जैन, महेंद्र जैन, राकेश जैन, अनीता जैन, पीति जैन, सरोज जैन, नरेश जैन एवं शाखा के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि क्षेत्रीय अध्यक्ष राकेश जैन ने शाखा अध्यक्ष शालु जैन को दूसरी बार, शाखा मंत्री मनीषा जैन, शाखा कोषाध्यक्ष मंजू जैन, रुचि जैन उपाध्यक्ष, वर्तिका सहकोषाध्यक्ष, मीनाक्षी जैन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी, सरिता जैन धार्मिक कार्यक्रम प्रभारी, संगीता जैन उपसचिव, नीलम जैन संचार मंत्री को मानवसेवा की शपथ ग्रहण कराई। साथ साथ सभी नवीन सदस्यों एवं शाखा कार्यकारिणी के सदस्यों को भी शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम राजस्थानी थीम पर रखा गया। सभी अतिथियों एवं सदस्यों का राजस्थानी अंदाज में स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई तत्पश्चात महावीर वंदना, शैलजा, पूर्वी और अर्पिता जैन के द्वारा प्रस्तुत की गई। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया और उनका सम्मान किया गया। महिलाओं ने राजस्थानी गीत पर कैटवॉक की सभी ने कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

ईको ग्रीन कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर

ईकोग्रीन कर्मचारियों की हड़ताल से शहर की सफाई व्यवस्था के हालात दिन प्रतिदिन खराब होते जा रहे हैं। नगर निगम अधिकारियों के अलावा अन्य नेताओं द्वारा हड़ताल को समाप्त करने को लेकर किए गए सभी प्रयास विफल हो गए हैं।

कर्मचारी अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं और दूसरे दिन भी उनकी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रही। उधर, नगर निगम ने इस हड़ताल से निपटने के लिए अन्य विकल्पों पर काम करना शुरू कर दिया है। हड़ताली कर्मचारी आज 12 जुलाई को मंत्री भारत सिंह कुशवाह का घेराव करेंगे। भारतीय मजदूर संघ के बैनरतले शुरू हुई हड़ताल अब राजनीतिक दलों के हाथों में पहुंच गई है। कर्मचारियों का कहना है कि उनके पीएफ की राशि उनके खाते में जमा की जाए और उन्हें कलेक्ट्रेट रेट पर वेतन का भुगतान किया जाए। निगम इन कर्मचारियों को आउटसोर्स कर्मचारियों की तरह रखने के लिए तैयार है, लेकिन कर्मचारी इसके लिए तैयार नहीं है।

संग्रहण बंद, सड़क तक आ रहा कचरा- 485 कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से शहर के 80 प्रतिशत घरों से कचरा संग्रहण नहीं होने से घरों से निकलने वाला कचरा सड़कों पर जमा हो रहा है। हर तरफ कचरे के ढेर नजर आने लगे हैं। हालांकि निगम प्रमुख मार्गों को साफ सुथरा रखने का प्रयास कर रहा है। लगातार हो रही बारिश के कारण हालात बदतर होते जा रहे हैं। निगम ने कचरा उठाने के लिए जेसीबी और ट्रकों को भी लगा दिया है।

दीक्षा समारोह में शामिल होने आ रही राष्ट्रपति

जय विलास पैलेस देखने जाएंगी, सिलावट करेंगे अगवानी

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर

ट्रिपल आइटीएम में 13 जुलाई को आयोजित दीक्षा समारोह में शामिल होने आ रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जय विलास पैलेस के म्यूजियम को देखने भी जाएंगी। उनके शेडयूल में गत रोज यह बदलाव हुआ है, जिसकी जानकारी जिला प्रशासन को मिली है। अब इसके हिसाब से तैयारियां की जा रहीं हैं। उनके आगमन पर स्टेट प्रोटोकाल की ओर से प्रदेश के जल संसाधन विभाग के मंत्री एवं ग्वालियर के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट को मिनिस्टर इन वेटिंग नियुक्त किया गया है। वे राष्ट्रपति की अगवानी करेंगे। राष्ट्रपति भवन की ओर से विशेष सुरक्षा टीम ग्वालियर पहुंच गई है। मंगलवार को राष्ट्रपति आगमन के चलते स्थानीय अफसरों के साथ रिहर्सल की गई।

यहां यह बता दें कि ट्रिपल आइटीएम के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति 13 जुलाई को ग्वालियर में एयरफोर्स स्टेशन पर उतरेंगी। यहां से सड़क मार्ग के जरिए उन्हें ट्रिपल आइटीएम लाया जाएगा। ट्रिपल आइटीएम में लगभग चार घंटे का कार्यक्रम अभी तक प्रस्तावित है, लेकिन अब जय विलास पैलेस स्थित म्यूजियम का भ्रमण भी जुड़ गया है। राष्ट्रपति के कार्यक्रम में दस बच्चों से भेंट कार्यक्रम को भी शामिल किया गया है। राष्ट्रपति इन बच्चों से मिलेंगी और संवाद करेंगी। ट्रिपल आईटीएम में ही उनका लंच रहेगा। कलेक्टर ने बताया कि आगमन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

लायंस क्लब ग्वालियर आस्था ने पौधारोपण किया

ग्वालियर। लायंस क्लब ग्वालियर आस्था द्वारा 11 जुलाई मंगलवार को मनोरंजन पार्क हजीरा पर पौधारोपण किया गया। मुख्य अतिथि रीजन चेयरपर्सन शिव शंकर अग्रवाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम मनोरंजन पार्क हजीरा पर किया गया। 51 पेड़ लगाए गए जिसमें लाल गुडेल पीली करेर चांदनी सीताफल मोरपंखी आंधी तरह के पौधे लगाए गए। सचिव वंदना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, उपाध्यक्ष वंदना जाजू, सुमन गोयल, सुनीता गुप्ता, रिंकी अग्रवाल, सरोज अग्रवाल व क्लब के साथी उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में लगभग 137 आवेदकों की हुई सुनवाई

ग्वालियर। कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में इस बार लगभग 137 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। अपर कलेक्टर एचबी शर्मा एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने एक-एक कर सभी आवेदकों की समस्याये सुनी और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की। जनसुनवाई में बहुत से जरूरतमंदों के नि:शुल्क इलाज का इंतजाम कराया गया। साथ ही जमीन संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिये संबंधित एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में लगभग 109 आवेदन दर्ज किए गए। साथ ही लगभग ढाई दर्जन आवेदन निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को सीधे सौंपे गए।

प्रताप स्नैक्स लिमिटेड

Yellow Diamond

सीआईएन: L15311MP2009PLC021746

पंजीकृत कार्यालय: खसरा नं. 378/2, नेमावर रोड, मकरंद हाउस के पास, पालदा, इन्दौर-452020, मध्य प्रदेश, भारत

दूरभाष: (+91 731) 243 9999, **ई-मेल:** complianceofficer@yellowdiamond.in **वेबसाइट:** www.yellowdiamond.in

वार्षिक सामान्य बैठक, बुक क्लोज़र एवं रिमोट ई-वोटिंग की जानकारी हेतु सूचना

एतद् द्वारा यह सूचना दी जाती है कि कंपनी की 14वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) बुधवार, 3 अगस्त, 2023 को दोपहर 3:30 बजे आईएसटी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों के लागू प्रावधानों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) (सूचीकरण दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं के अनुपालन में) विनियम, 2015, परिपत्र संख्या 10/2022 दिनांक 28 दिसंबर, 2022, परिपत्र संख्या 02/2022 दिनांक 05 मई, 2022, परिपत्र संख्या 21/2021 दिनांक 14 दिसंबर, 2021, परिपत्र संख्या 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021, परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल, 2020, परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 और परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांक 05 मई, 2020 दिनांकित के साथ पठित कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी-2/पी/सीआईआर/2023/4 दिनांक 5 जनवरी, 2023 सेबी द्वारा जारी सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2023/62 दिनांक 13 मई, 2022 के साथ पढ़े (सामूहिक रूप से परिपत्रों के रूप में संदर्भित), एजीएम को बुलाने वाले नोटिस में निर्धारित व्यवसाय को लेन-देन करने के लिए आयोजित की जाएगी। सदस्य वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल हो सकेंगे।

संबंधित परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 जिसमें 31 मार्च 2023 को समाप्त वित्तिय वर्ष के लिए स्टैंडअलोन और समेकित वित्तिय विवरण, बोर्ड की रिपोर्ट, ऑडिटर की रिपोर्ट व अन्य दस्तावेज शामिल है जो कि कंपनी के शेयर धारकों को उनके ईमेल में 10 जुलाई 2023 को भेज दिए गए है जिनके ई-मेल कंपनी / डिपॉजिटरीस के साथ पंजीकृत हैं। एजीएम नोटिस व वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 कंपनी की वेबसाइट www.yellowdiamond.in पर व स्टॉक एक्सचेंज यानि बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com व नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर उपलब्ध होगी साथ ही सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (CDSL) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होगी। वार्षिक रिपोर्ट की हार्डकॉपी सदस्यों के निवेदन पर उन्हे भेजी जाएगी।

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 91 सहपठित कम्पनियों (प्रबंधन एवं संचालन) नियम, 2014 के तहत सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर ट्रांसफर खाते शुक्रवार, दिनांक 28 जुलाई, 2023 से गुरुवार, दिनांक 03 अगस्त, 2023 (दोनों दिनांक सहित) कम्पनी की वार्षिक आम बैठक एवं लाभांश भुगतान हेतु (यदि घोषित होता है) बन्द रहेंगें।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 एवं कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के तहत, (सूचीकरण दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं के अनुपालन में) विनियम, 2015 के विनियम 44 और भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक, कंपनी अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोट देने के अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान करने में प्रसन्न है। एजीएम (रिमोट ई-वोटिंग) के स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम का उपयोग करने वाले सदस्यों द्वारा वोट डालने की सुविधा सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा प्रदान की जाएगी।

एजीएम नोटिस में निर्दिष्ट व्यवसायों को इलेक्ट्रानिक वोटिंग के माध्यम से निष्पादित किया जाएगा। रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित सूचना एवं होने वाली एजीए की नोटिस उन सदस्यों को प्रेषित कर दिया गया है जिसकी ईमेल आईडी कंपनी/डिपाजिटरीसें के साथ पंजिकृत है।

रिमोट ई-वोटिंग रविवार, दिनांक 30 जुलाई, 2023 प्रात: 9:00 बजे से प्रारंभ होगी और बुधवार, दिनांक 2 अगस्त, 2023 को सायं 5:00 बजे समाप्त हो जावेगी। उपर्युक्त दिनांक व समय के बाद रिमोट ई-वोटिंग द्वारा मतदान करने की अनुमति नहीं दी जावेगी। वे सदस्य जिनका नाम गुरुवार, दिनांक 27 जुलाई, 2023 (Cut-off Date) को रजिस्टर ऑफ मेम्बर्स /बेनिफिशियल आनर्स में है, उन्हें ही रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अथवा बैठक में ई वोटिंग करने की सुविधा प्रदान की जावेगी। यदि कोई व्यक्ति एजीम की सूचना पत्र के प्रेषित करने के बाद और गुरुवार, दिनांक 27 जुलाई, 2023 (Cut-off Date) को शेयर धारण करके कम्पनी का सदस्य बनता है, वह भी रिमोट ई-वोटिंग, ई-वेटिंग और वर्चुअल मिटिंग में शामिल होने के निर्देशों का पालन करें। वो सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल दिया है वे दोबारा एजीएम के समय ई वोटिंग करने के लिए अधिकारी नहीं है।

इसके अतिरिक्त, मतदान की सुविधा ई-वोटिंग प्रणाली द्वारा कंपनी के सदस्यों के लिए एजीएम के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी जिन्होंने अपना वोट रिमोट ई-वोटिंग द्वारा नहीं डाला है।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना में दिए गए सभी नोट्स और विशेष रूप से रिमोट ई-वोटिंग, एजीएम में ई-वोटिंग और वर्चुअल एजीएम में शामिल होने के निर्देशों को ध्यान से पढ़े।

यदि आपके पास सीडीएसएल ई-वोटिंग सिस्टम से एजीएम और ई-वोटिंग में भाग लेने के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल लिख सकते हैं या टोलफ्री नं. 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतों के लिए श्री राकेश दलवी, वरिष्ठ प्रबंधक, (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - 400013 से सम्पर्क कर सकते है या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल भेजें या टोलफ्री नं. 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते हैं।

कृते **प्रताप स्नैक्स लिमिटेड**
(हस्ताक्षर)
ओम प्रकाश पाण्डे
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

स्थान: इन्दौर
दिनांक: 11, जुलाई 2023

संतों की मौजूदगी में 13 को ब्राह्मण सम्मेलन व विभूतियों का सम्मान

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर

महर्षि गालव की तपोवन भूमि पर 13 जुलाई गुरुवार को एक विशाल सर्व ब्राह्मण सम्मेलन में ब्राह्मण समाज के जितने भी प्रतिभाशाली लोग हैं, उनका सम्मान भी किया जाएगा। सर्व ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन वृंदावन गार्डन बिरला नगर में शाम 4 बजे से आयोजित किया गया है। यह जानकारी पत्रकारों से चर्चा करते हुए कार्यक्रम संयोजक अशोक शर्मा ने दी।

शर्मा ने बताया कि सर्व ब्राह्मण सम्मेलन में मुख्य अतिथि केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया होंगे। एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता दंदरौआ सरकार महामंडलेश्वर रामदास महाराज करेंगे। इस अवसर पर सिद्ध स्थल के संत रामभूषण दास महाराज सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही कार्यक्रम में जुड़े हुआ सरकार महामंडलेश्वर हरिदास, नागा महाराज, रामसेवक दास, ढोली बुआ महाराज, दादाजी धाम के महंत रामेश्वर दास, संतोष गुरु विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे, और ब्रह्मजनों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर बताया गया कि सीधी में जो शुक्ला परिवार का मकान प्रशासन ने तोड़ा है हमारी उनसे बात हुई है, हम उन्हें मदद की पेशकश करेंगे। इसके साथ ही बताया गया कि सोशल मीडिया पर ब्राह्मणों के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द कहे जाते हैं। यह गलत है सरकार को इस पर रोक लगानी चाहिए। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में पत्रकार वार्ता आयोजकों ने कहा कि ब्राह्मण कमजोर कतई नहीं है। यह भी बताया गया कि ब्राह्मण सम्मेलन का चुनावों से कोई नाता नहीं है यह सिर्फ ब्राह्मणों से मेल मिलाप का एक आयोजन है। कार्यक्रम में समाज के सभी ब्राह्मण संगठन एवं समाज के प्रबुद्ध जन अविनाश तिवारी कुलपति, अशोक शर्मा आईआईटीएम कुलपति, एके शुक्ला प्रेसटीज को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के अंत में समाज बंधुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन रखा गया है।

प्रेस वार्ता के अवसर पर वेद प्रकाश शर्मा, महेश मुदगल, रामबाबू कटारे, किशन मुदगल, बंदना भूपेंद्र प्रेमी, बसंत पाराशर, डॉक्टर अशोक मिश्रा, बसंत खमरिया डॉक्टर केशव पांडे, राजेश नायक, केडी सोनाकिया दर्शन पाठक, कल्याण श्रोती सुरेंद्र शर्मा, राम नारायण मिश्रा पुरुषोत्तम भार्गव, महेंद्र पटसारिया सहित समाज के अनेकों लोग उपस्थित थे।